मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-542
01/11/2021

# मुख्यमंत्री ने मनरेगा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

पटना 01 नवम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मनरेगा से जुड़े कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बजट, राशि–खर्च एवं कार्यों की प्रगति को लेकर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने मनरेगा के कार्यों, बजट, खर्च आदि के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 20 करोड़ मानव दिवस के श्रम बजट के विरुद्ध अद्यतन 10.37 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए हैं। इस योजना के अंतर्गत मजदूरी की शत प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा वहन की जाती है। अगस्त माह तक मजदूरी का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष कोरोना काल में मनरेगा के माध्यम से लोगों को रोजगार दिये गये। जैसी कि जानकारी दी गई है कि इस योजना के अंतर्गत मजदूरों का भुगतान डी0बी0टी0 के माध्यम से उनके खातों में किया जाता है। मजदूरी का भुगतान ससमय होता रहे इसको लेकर केन्द्र सरकार से पर्याप्त राशि के आवंटन हेतु बात कर लें तथा सुनिश्चित करें कि मजदूरों का ससमय मजदूरी का भुगतान हो। जल–जीवन–हरियाली अभियान के कार्यों की भी मुख्यमंत्री ने समीक्षा की और कार्य में गति लाने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के विशेष सचिव श्री राजीव रौशन सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******